Adda247
GET IT ON Google Play

UJC-2018 IInd

पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.

परीक्षा का वर्ष : 2018
प्रश्न-पुस्तिका

# ICL-15

Serial No. 322531

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

C

## मनोविज्ञान

## PSYCHOLOGY

समय : 2.00 घंटे
पूर्णांक : 200

Time : 2.00 Hours
Maximum Marks : 200

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें ।
2. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
3. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. **अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक में अपने अनुक्रमांक, विषय कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज की कोडिंग सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का उपयोग करें । अलग से वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी ।**
6. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न (आइटम्स) हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे (a), (b), (c), (d) के रूप में दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. सभी प्रश्नों (आइटमों) का उत्तर दिया जाना है और प्रत्येक प्रश्न (आइटम) के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए गलत उत्तर के लिए या उम्मीदवार द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए दिए जाने वाले अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. प्रश्नों के उत्तर आपको अलग से दिये गये उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य न होगा ।
10. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । जो सूचनायें उसमें वांछित हों उन्हें अभी भर लें ।
11. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अन्तरीक्षक को उत्तर-पत्रक वापस लौटा दें ।
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक इन्तजार करें जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अंकित सीरीज कोड के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C & D) का मिलान अवश्य कर लें । यदि उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान सीरीज कोड का उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247

GET IT ON Google Play

10 A II 8102-2IN

1. Which one of the following is not a verbal test of Wechsler's scale ?
   (a) Digit symbol (b) Arithmatic
   (c) Information (d) Digit span

2. Which one of the following is not Thurston's primary mental abilities ?
   (a) Word fluency (b) Memory
   (c) Perceptual speed (d) Learning ability

3. Which one of the following is the product as per Guilford's theory ?
   (a) Evaluations (b) System
   (c) Divergent production (d) Convergent production

4. What is the order of abilities from bottom to top in hierarchical theory of intelligence ?
   (a) G, PMA, S (b) S, PMA, G
   (c) PMA, G, S (d) G, S, PMA

5. What should be the IQ of a 9 year old child with 11 years of mental age ?
   (a) 122 (b) 110
   (c) 90 (d) 82

6. Decay theory constructed by Ebbinghaus (1885) is also known as
   (a) Two factor theory (b) One-factor theory
   (c) Disuse theory (d) Choice theory

7. Iconic memory and econic memory are types of
   (a) short term memory (b) long term memory
   (c) immediate memory (d) sensory memory

8. The decreament in memory of a task as a consequence of other learning task, coming between original learning and memory is called
   (a) Proactive inhibition (b) Retroactive inhibition
   (c) Serial position effect (d) Memory

9. Forgetting consciously any unpleasant material is called
   (a) Suppression (b) Repression
   (c) Recognition (d) Memory-loss

10. Find out correct sequence.
    (a) Storage-Encoding-Retrieval (b) Encoding-Retrieval-Storage
    (c) Encoding-Storage-Retrieval (d) All of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

1. निम्नलिखित में से कौन सा शाब्दिक परीक्षण वैश्लर स्केल में नहीं है ?
(a) डिजिट सिम्बॉल (b) अंकगणित (c) सूचना (d) डिजिट स्पान

2. निम्नलिखित में से कौन एक थर्स्टन की प्राथमिक मानसिक योग्यता नहीं है ?
(a) शब्द प्रवाह (b) स्मृति (c) प्रत्यक्षात्मक गति (d) अधिगम योग्यता

3. निम्नलिखित में से गिलफोर्ड के सिद्धान्त के अनुसार उत्पाद क्या है ?
(a) मूल्यांकन (b) प्रणाली (तंत्र) (c) अपसारित उत्पादन (d) अभिसारित उत्पादन

4. बुद्धि के सोपान सिद्धान्त में योग्यताओं का नीचे से ऊपर का क्रम क्या है ?
(a) G, PMA, S (b) S, PMA, G (c) PMA, G, S (d) G, S, PMA

5. नौ साल के बच्चे की मानसिक आयु 11 वर्ष है, तो उसका आईक्यू क्या होगा ?
(a) 122 (b) 110 (c) 90 (d) 82

6. एबिंगहॉस द्वारा बनाने गए सिद्धान्त, डिके सिद्धान्त को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?
(a) द्विकारक सिद्धान्त (b) एक-कारक सिद्धान्त
(c) अनुपयोग सिद्धान्त (d) चयन सिद्धान्त

7. प्रतिमा सम्बन्धित स्मृति और प्रतिध्वनि स्मृति किस स्मृति का प्रकार है ?
(a) लघुकालीन स्मृति (b) दीर्घकालिक स्मृति
(c) तात्कालिक स्मृति (d) संवेदी स्मृति

8. स्मृति में किसी एक कार्य को सीखने के बाद दूसरे कार्य को सीखने से, पहले कार्य के स्मरण में कमी आती है, इसको कहते है
(a) प्रोएक्टिव अवरोध (b) पृष्ठोन्मुख अवरोध
(c) क्रमिक स्थिति प्रभाव (d) स्मृति

9. किसी अप्रिय सामग्री को जान-बूझकर भूलाना कहलाता है :
(a) निग्रहण (b) दमन (c) पहचानना (d) स्मृति-ह्रास

10. सही क्रम को बताइए ।
(a) संचयन – कूटसंकेतन – पुनःप्राप्ति (b) कूटसंकेतन – पुनःप्राप्ति – संचयन
(c) कूटसंकेतन – संचयन – पुनःप्राप्ति (d) उपरोक्त सभी

Adda247
GET IT ON Google Play

11. The actual loss of memory traces is called _____ forgetting.
(a) Amnesia
(b) Cue-dependent
(c) Trace-dependent
(d) Motivated

12. Better recall of incompleted task than recall of complete task is known as
(a) Decay theory
(b) Interference theory
(c) Two-factor theory
(d) Zeigarnik theory

13. 'Forgetting curve' is also known as
(a) Ebbinghaus curve
(b) Echoic memory
(c) Sensory memory
(d) Verbal memory

14. The memory smaller than short term memory is known as
(a) Semantic memory
(b) Sensory memory
(c) Episodic memory
(d) Secondary memory

15. Memory is 'constructive in nature' is the view of
(a) Bartlet
(b) Ebbinghaus
(c) Thorndike
(d) Hull

16. Operant conditioning is also known as
(a) Classical conditioning
(b) Instrumental conditioning
(c) Delayed conditioning
(d) Conditioning

17. The storage capacity of short term memory can however be increased by a process known as
(a) Retroactive learning
(b) Registration
(c) Chunking
(d) All of the above

18. Which of the following is not a characteristics of short term memory ?
(a) Limited channel capacity
(b) Fragility of memory trace
(c) Acoustic encoding
(d) Semantic coding

Adda247
GET IT ON Google Play

11. स्मृति चिह्नों का वास्तव में नष्ट हो जाना, ______ कहलाता है ।

(a) स्मृति–ह्रास विस्मरण
(b) संकेत आधारित विस्मरण
(c) चिह्न आधारित विस्मरण
(d) अभिप्रेरित विस्मरण

12. पूर्ण कार्य की अपेक्षा अपूर्ण कार्य का अधिक प्रत्याह्वान कहलाता है :

(a) ह्रास सिद्धान्त (b) अवरोध सिद्धान्त (c) द्विकारक सिद्धान्त (d) ज्यागार्निक सिद्धान्त

13. 'विस्मरण वक्र' को जाना जाता है

(a) एबिंगहॉस वक्र से
(b) प्रतिध्वनि स्मृति
(c) संवेदी स्मृति
(d) वाचिक स्मृति

14. लघुकालीन स्मृति से भी कम स्मृति को कहा जाता है

(a) शब्दार्थ विषयक स्मृति
(b) संवेदी स्मृति
(c) घटनाजन्य स्मृति
(d) गौण स्मृति

15. स्मृति संरचनात्मक है यह किसका विचार है ?

(a) बार्टलेट (b) एबिंगहॉस (c) थॉर्नडाइक (d) हल

16. क्रिया प्रसूत अनुबन्धन को कहा जाता है

(a) क्लासिकल अनुबन्धन
(b) साधनात्मक अनुबन्धन
(c) विलम्बित अनुबन्धन
(d) अनुबन्धन

17. लघुकालीन स्मृति के संचयन स्मरण को बढ़ाया जा सकता है यह विधि कहलाती है :

(a) पृष्ठोन्मुख अधिगम
(b) रजिस्ट्रेशन
(c) चंकिंग
(d) उपरोक्त सभी

18. निम्नलिखित में से कौन सी लघुकालीन स्मृति की विशेषता नहीं है ?

(a) सीमित चैनल क्षमता
(b) स्मृति चिह्नों की दुर्बलता
(c) ध्वनिक कूटसंकेतन
(d) अर्थगत कूटसंकेतन

Adda247 GET IT ON Google Play

19. Which one of the following is not a component of the structure of personality in Psychoanalytic theory ?
(a) Creative self
(b) The Ego
(c) Id
(d) The superego

20. Which one of the following is not the criteria of abnormality ?
(a) Statistical criteria
(b) Loneliness criteria
(c) Social conformity criteria
(d) Personal adjustment criteria

21. Freud considers 'Phobia' in Psychodynamic theory as
(a) Repressed ego
(b) Repressed Id impulses
(c) Repressed superego
(d) Repressed defense mechanisms

22. Depressed individual exhibits which of the following symptoms ?
(a) Behavioural symptoms
(b) Physical symptoms
(c) Cognitive symptoms
(d) All of the above

23. Which of the following is not a treatment/developed from classical conditioning principles ?
(a) Flooding
(b) Token economies
(c) Systematic desensitization
(d) Aversion therapy

24. Which one of the following is associated with sudden attacks of anxiety with fear ?
(a) Phobia
(b) Mania
(c) Panic disorder
(d) Neurosis

25. The most common age-group for depression is
(a) Women 20-29 years
(b) Men 20-40 years
(c) Children 10-14 years
(d) Women 40-49 years

26. In major depression which of the following is a significant Neurotransmitter ?
(a) Serotonin
(b) Dopomine
(c) Betacarotine
(d) Acetylcholine

27. Dysthymia is a
(a) Chronic mild depression
(b) Chronic severe depression
(c) Bipolar depression
(d) Personality disorder

28. Which one of the following is not a feature of obsessive-compulsive neurosis ?
(a) Sense of guilt
(b) Anxiety relieved by an act
(c) Awareness of helplessness
(d) Magical thoughts

Adda247 GET IT ON Google Play

19. निम्नलिखित में से क्या मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त में व्यक्तित्व की संरचना का अवयव नहीं हैं ?
(a) सृजनात्मक स्व (b) अहम् (c) इदम् (d) पराहम्

20. निम्नलिखित में से कौन एक असामान्यता की कसौटी नहीं है ?
(a) सांख्यिकीय कसौटी (b) अकेलेपन की कसौटी
(c) सामाजिक अनुरूपता कसौटी (d) व्यक्तिगत समायोजन की कसौटी

21. फ्रायड के मनोगत्यात्मक सिद्धान्त के अनुसार दुर्भीति को माना है
(a) दमित अहम् (b) दमित इड आवेग (c) दमित पराहम् (d) दमित सुरक्षा तंत्र

22. अवसादग्रस्त व्यक्ति निम्नलिखित में से किन लक्षणों को प्रदर्शित करते हैं ?
(a) व्यवहारात्मक लक्षण (b) शारीरिक लक्षण
(c) संज्ञानात्मक लक्षण (d) उपरोक्त सभी

23. निम्नलिखित में से कौन सी चिकित्सा क्लासिकी अनुबन्धन सिद्धान्त से विकसित नहीं हुई है ?
(a) फ्लडींग (b) टोकन इकोनोमी
(c) क्रमबद्ध असंवेदीकरण (d) विरुचि चिकित्सा

24. निम्नलिखित में से क्या भय के साथ चिन्ता के अचानक आक्रमण के साथ सम्बन्धित है ?
(a) दुर्भीति (b) उन्माद (c) भीषिका विकार (d) मनस्ताप

25. अवसाद के लिए सबसे अधिक सामान्य आयु समूह है :
(a) 20–29 वर्ष, महिलाएँ (b) 20–40 वर्ष, पुरुष
(c) 10–14 वर्ष, बच्चे (d) 40–49 वर्ष, महिलाएँ

26. निम्नलिखित में कौन प्रमुख अवसाद में एक सार्थक न्यूरोट्रान्समीटर है ?
(a) सरोटोनिन (b) डोपामाइन (c) बीटाकैरोटीन (d) एसिटिलकोलाइन

27. डाइस्थाइमिया है
(a) चिरकालिक हलका अवसाद (b) चिरकालिक तीव्र अवसाद
(c) द्विध्रुवीय अवसाद (d) व्यक्तित्व विकार

28. मनोग्रस्तता–बाध्यता विकार की विशेषताओं में कौन सा लक्षण सम्मिलित नहीं है ?
(a) अपराध भावना (b) कोई कार्य करने से चिन्ता में राहत
(c) निस्सहायता का बोध (d) जादुई विचार

Adda247
GET IT ON Google Play

29. Major symptoms of paranoid reactions is
(a) Regression
(b) Delusion
(c) Day dreaming
(d) Deviation

30. Estrogen, a hormone, is released by
(a) Pituitary
(b) Pancreas
(c) Gonads
(d) Thyroid

31. Visual processing is mainly done in _____ lobe.
(a) Frontal
(b) Parietal
(c) Occipital
(d) Temporal

32. Temporal lobe regulates _____ in humans.
(a) Motor function
(b) Language
(c) Sensory function
(d) Visual perception

33. Which of the following is not a part of diencephalon ?
(a) Pons
(b) Hypothalamus
(c) Geniculate bodies
(d) Thalamus

34. Parasympathetic nervous system shall be active during
(a) Attention
(b) Emotion
(c) Motor action
(d) Sleep

35. Superior colliculus is part of
(a) Medulla
(b) Mid brain
(c) Pons
(d) Cerebellum

36. Which numberth is the facial cranial nerve ?
(a) $10^{th}$
(b) $5^{th}$
(c) $3^{rd}$
(d) $7^{th}$

37. Speech is mainly regulated by _____ lobe.
(a) Frontal
(b) Temporal
(c) Occipital
(d) Parietal

38. How many spinal nerves emerge from the spinal cord ?
(a) 33
(b) 12
(c) 31
(d) 43

39. Goiter, a disease, is associated with the malfunctioning of _____ gland.
(a) Thyroid
(b) Pancreas
(c) Adrenals
(d) Pineal

Adda247 GET IT ON Google Play

29. व्यामोही प्रतिक्रियाओं का प्रमुख लक्षण है

(a) प्रतिगमन (b) भ्रम (c) दिवा–स्वप्न (d) विचलन

30. एस्ट्रोजोन, एक हॉर्मोन है, जो कि ______ द्वारा निकलता है (स्त्रावित होता है) ।

(a) पिट्यूटरी (b) पैन्क्रियाज (c) गोनाईस (d) थॉइरायड

31. दृष्टिगत प्रक्रमण मुख्य रूप से ______ लोब में होता है ।

(a) फ्रंटल (b) पैराइटल (c) ओसिपिटल (d) टेम्पोरल

32. मानवों में टेम्पोरल लोब ______ को नियमित करता है ।

(a) गति प्रकार्य (b) भाषा (c) संवेदनीय प्रकार्य (d) दृष्टिगत प्रत्यक्षीकरण

33. निम्नलिखित में से कौन डायनसिफेलॉन का भाग नहीं है ?

(a) पोंस (b) हाइपोथैलामस (c) जैनीकुलेट बॉडिज (d) थैलामस

34. परानुकम्पी स्नायु संस्थान ______ के दौरान सक्रिय होगा ।

(a) अवधान (b) संवेग (c) गतिक कार्य (d) निद्रा

35. सुपीरियर कैलीकुलस ______ का एक भाग है ।

(a) मेडुला (b) मिडब्रेन (c) पोन्स (d) सेरेबेलम

36. फेसियल क्रेनियल स्नायु किस क्रम में है ?

(a) दसवें (b) पाँचवें (c) तीसरे (d) सातवें

37. वाचन मुख्य रूप से ______ लोब से नियमित होता है ।

(a) फ्रन्टल (b) टेम्पोरल (c) ओसिपिटल (d) पैराइटल

38. मेरुदण्ड (सुषम्ना) (स्पाइनल कॉर्ड) से कितनी मेरुदण्डीय स्नायु निकलती है ?

(a) 33 (b) 12 (c) 31 (d) 43

39. घेघा, एक रोग है, जो कि ______ ग्रन्थि के असामान्य कार्य करने से सम्बन्धित है ।

(a) थॉइराइड (b) पैंक्रियाज़ (c) एड्रीनल (d) पीनियल

Adda247 GET IT ON Google Play

40. Hunters wear camouflage dress in jungle, so that they can blend with their surrounding. Which one of the following principles of perception is being used here ?
(a) Shape constancy (b) Expectancy
(c) Figure and ground relationship (d) Depth perception

41. Which one of the following statements is true for colour-blindness ?
(a) Failure to identify red and green colours.
(b) Failure to identify blue and yellow colours.
(c) Colour-blindness is inherited.
(d) All the above statements are correct.

42. In which of the following the phenomenon of constancy is found ?
(a) size (b) shape (c) colour (d) All of the above

43. Misperception coming out of misinterpretation of information received by sense organs is known as
(a) Hallucinations (b) Delusions (c) Illusions (d) None of the above

44. Where is located Adrenal gland in the body ?
(a) The upper end of Kidneys (b) Inside the brain
(c) Near intestines (d) Below the heart

45. The scientific study of behaviour of organisms is called
(a) Sociology (b) Psychology
(c) Physiology (d) Anthropology

46. In an experiment, an independent variable is that variable
(a) which depends on dependent variable.
(b) which is manipulated by the experimenter.
(c) which is controlled by the experimenter.
(d) which is independent of everything.

47. Who was the father or founder of Psychology in the United States of America ?
(a) Wundt (b) William James
(c) B.F. Skinner (d) R. Woodworth

48. A basic method of science in which the natural world or various events or processes in it are observed in careful manner is called :
(a) case-study (b) systematic observation
(c) observation (d) survey

49. Which of the brain structure relays incoming sensory information ?
(a) Thalamus (b) Hypothalamus
(c) Pons (d) Reticular formation

Adda247
GET IT ON Google Play

40. शिकारी जंगल में ऐसी ड्रेस पहनते हैं कि वह ड्रेस आस-पास के वातावरण में घुलमिल जाये। यह निम्नलिखित में से प्रत्यक्षीकरण के किस सिद्धान्त पर आधारित है ?
(a) आकृति स्थैर्य
(b) उम्मीद / प्रत्याशा
(c) आकृति-पृष्ठभूमि प्रत्यक्षीकरण
(d) गहराई प्रत्यक्षीकरण

41. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन वर्णान्धता के सन्दर्भ में सत्य है ?
(a) लाल और हरे रंगों को पहचान न पाना।
(b) नीले और पीले रंगों को पहचान नहीं पाना।
(c) वर्णान्धता जन्मजात होती है।
(d) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।

42. निम्नलिखित में से किस में स्थैर्यता प्रत्यक्षीकरण पाया जाता है
(a) आकार
(b) आकृत्ति
(c) रंग
(d) उपरोक्त सभी

43. ज्ञानेन्द्रियों द्वारा प्राप्त की गई गलत व्याख्या के कारण गलत प्रत्यक्षीकरण को क्या कहा जाता है ?
(a) विभ्रम
(b) भ्रान्ति
(c) भ्रम
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

44. एड्रीनल ग्रंथि शरीर में कहाँ स्थित है ?
(a) गुर्दों के ऊपरी सिरे पर
(b) मस्तिष्क के अन्दर
(c) आँतों के पास
(d) हृदय के नीचे

45. जीवों के व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन कहलाता है :
(a) समाजशास्त्र
(b) मनोविज्ञान
(c) दैहिक शास्त्र
(d) मानवशास्त्र

46. एक प्रयोग में स्वतंत्र चर वह चर है जो कि
(a) परतंत्र चर पर निर्भर करता है।
(b) प्रयोगकर्त्ता द्वारा हस्तचालित होता है।
(c) प्रयोगकर्त्ता द्वारा नियंत्रित होता है।
(d) सब चीज से स्वतंत्र है।

47. संयुक्त राज्य अमेरिका में मनोविज्ञान के प्रेणता या पिता कौन थे ?
(a) वुन्ड
(b) विलियम जेम्स
(c) बी.एफ. स्किनर
(d) आर. वुडवर्थ

48. विज्ञान की एक आधारभूत विधि जिसमें प्राकृतिक दुनियाँ या विभिन्न घटनाओं या प्रक्रमों का निरीक्षण सावधानीपूर्वक किया जाता है, वह कहलाती है
(a) व्यक्ति-अध्ययन
(b) व्यवस्थित निरीक्षण
(c) निरीक्षण
(d) सर्वे

49. मस्तिष्क का कौन सा भाग आगत संवेदी सूचना का प्रसारण करता है ?
(a) थैलामस
(b) अधश्चेतक
(c) पोन्स (सेतु)
(d) रेटिकुलर फॉर्मेशन

Adda247

GET IT ON Google Play

50. The ability to detect changes in temperature, pressure and body position is due in part to the friction
(a) Frontal lobe (b) Parietal lobe
(c) Temporal lobe (d) Corpus lobe

51. Which one of the following best explains after image ?
(a) Trichromatic theory (b) Opponent-process theory
(c) Colour deficient vision (d) Monochrome Colour Blindness

52. Perception was first studied from the physiological perspective by
(a) Wundt (b) Tichner
(c) Bruner (d) Wundt & Tichner

53. An one-eyed man would lose precision in one of the following :
(a) Height (b) Weight
(c) Colour (d) Depth

54. Arrange the parts of brain in sequence from higher to lower order of brain :
(1) Metencephalon (2) Mesencephalon
(3) Diencephalon (4) Telencephalon
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1 (c) 3, 4, 1, 2 (d) 4, 3, 2, 1

55. According to Allport, the fundamental unit of personality is one of the following :
(a) Trait (b) Needs
(c) Motives (d) Abilities

56. The concept of 'proprium' was coined by one of the following :
(a) Allport (b) Bandura
(c) Cattell (d) Rollo May

57. Which one of the following data was not used by Cattell in constructing 16 PF test ?
(a) Q data (b) T data
(c) L data (d) P data

58. The analytical theory of personality is the name of theory by
(a) Freud (b) Jung
(c) Adler (d) Murray

59. According to Freud, the source of Psychic energy is
(a) Instincts (b) Dreams
(c) Super ego (d) Ego

Adda247 GET IT ON Google Play

50. तापमान, दबाव और शारीरिक स्थिति में परिवर्तन का पता लगाने का काम आंशिक रूप से घर्षण (रगड़) का है
(a) ललाट पालि का
(b) पार्श्विक पालि का
(c) कपालास्थि पालि का
(d) कॉर्पस पालि का

51. निम्नलिखित में से कौन सा एक पश्चात्-प्रतिमाओं की सबसे अच्छी व्याख्या करता है ?
(a) त्रिवर्ण सिद्धान्त
(b) विरोधी प्रक्रम सिद्धान्त
(c) रंग कमी का सिद्धान्त
(d) मोनोक्रोम रंग अंधापन

52. प्रत्यक्षीकरण का शारीरिक दृष्टिकोण से सबसे पहले किसने अध्ययन किया ?
(a) वुन्ड (b) टिचनर (c) ब्रूनर (d) वुन्ड एवं टिचनर

53. एक नेत्रीय निम्नलिखित में से किसी एक प्रकार के प्रत्यक्षीकरण करने की परिशुद्धता खो देते हैं :
(a) ऊँचाई (b) भार (c) रंग (d) गहराई

54. निम्नलिखित मस्तिष्क के भागों को ऊपर से नीचे के क्रम में रखें :
(1) मेटेनसेफेलॉन
(2) मेसेनसेफेलॉन
(3) डाइनसेफेलॉन
(4) टेलेनसेफेलॉन
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1 (c) 3, 4, 1, 2 (d) 4, 3, 2, 1

55. अल्पोर्ट के अनुसार व्यक्तित्व की आधारभूत इकाई निम्नलिखित में कौन सी है ?
(a) शीलगुण (b) आवश्यकता (c) अन्तर्नोद (d) योग्यताएँ

56. 'प्रोप्रियम' के सम्प्रत्यय को निम्नलिखित में से किसने दिया है ?
(a) अल्पोर्ट (b) बान्डुरा (c) कैटल (d) रोलो मे

57. 16 पी एफ परीक्षण को बनाने के लिए कैटल ने निम्नलिखित में से किस प्रदत्त का उपयोग नहीं किया ?
(a) Q प्रदत्त (b) T प्रदत्त (c) L प्रदत्त (d) P प्रदत्त

58. व्यक्तित्व का विश्लेषणात्मक सिद्धान्त किसके द्वारा दिया सिद्धान्त है ?
(a) फ्रायड (b) युंग (c) एडलर (d) मरे

59. फ्रायड के अनुसार मानसिक ऊर्जा का स्रोत है :
(a) मूल प्रवृत्तियाँ (b) स्वप्न (c) पराहम् (d) अहम्

Adda247 GET IT ON Google Play

60. Individual Psychology theory of personality is the theory by one of the following :
(a) Erik Erikson (b) Adler
(c) Erich Fromm (d) Sullivan

61. Which one of the following is not a projective test ?
(a) TAT (b) WAIS
(c) CAT (d) Rorschach Ink blot test

62. Relationship between physique and temperament was correlated, was studied by
(a) Watson (b) Sheldon
(c) W. James (d) Allport

63. The word association method is used as a technique in
(a) Behaviourism (b) Structuralism
(c) Functionalism (d) Psycho-analysis

64. Birth order is an important factor in personality development is stated by
(a) Jung (b) Adler
(c) Bandura (d) Horney

65. Proposed answer to a research question is known as which one of the following ?
(a) Problem (b) Validity
(c) Hypothesis (d) Design

66. Find out the odd from the following key factors in observational learning :
(a) Attention (b) Retention
(c) Repression (d) Motivation

67. The concept of 'cognitive map' is used by one of the following learning theorists :
(a) Thorndike (b) Tolman
(c) Bandura (d) Skinner

68. A process through which organisms learn to repeat behaviours that yield positive outcomes or permit to avoid negative consequences is called
(a) Operant conditioning (b) Response conditioning
(c) Repeated conditioning (d) Positive learning

69. The process through which a conditioned stimulus gradually loses the ability to evoke conditioned responses when it is no longer followed by the unconditioned stimulus, is called
(a) Extinction (b) Unlearning
(c) Inhibition (d) Negative learning

Adda247
GET IT ON Google Play

60. 'वैयक्तिक मनोविज्ञान' व्यक्तित्व के सिद्धान्त का निम्नलिखित में से किस एक द्वारा प्रतिपादित है ?
(a) एरिक एरिकसन (b) एडलर
(c) एरिक फ्रोम (d) सुलीवान

61. निम्नलिखित में से कौन सा एक प्रक्षेपी परीक्षण नहीं है ?
(a) टी.ए.टी. (TAT) (b) डब्ल्यू.ए.आई.एस. (WAIS)
(c) सी.ए.टी. (CAT) (d) रोर्शाक (Rorschach) स्याही धब्बा परीक्षण

62. दैहिक संरचना और स्वभाव का सम्बन्ध है, यह अध्ययन किसके द्वारा किया गया ?
(a) वाटसन (b) शेल्डन (c) डब्ल्यू. जेम्स (d) अल्पोर्ट

63. शब्द–साहचर्य विधि का प्रयोग एक तकनीक के रूप में किया जाता है
(a) व्यवहारवाद में (b) संरचनावाद में (c) प्रकार्यवाद में (d) मनोविश्लेषण में

64. जन्म–क्रम व्यक्तित्व के विकास में एक महत्त्वपूर्ण कारक है यह किसने कहा है ?
(a) युंग (b) एडलर (c) बान्डुरा (d) हॉर्नी

65. किसी शोध समस्या का प्रस्तावित उत्तर निम्नलिखित में से क्या कहलाता है ?
(a) समस्या (b) वैधता (c) उपकल्पना (d) अभिकल्प

66. निम्नलिखित निरीक्षणात्मक अधिगम के मुख्य कारकों में से विषम कारक बताइए :
(a) ध्यान देना (b) धारण करना (c) दमन करना (d) प्रेरित होना

67. 'संज्ञानात्मक नक्शे' के सम्प्रत्यय का उपयोग निम्नलिखित में से किस अधिगम सैद्धान्तिक ने किया है ?
(a) थॉर्नडाइक (b) टोलमैन (c) बान्डुरा (d) स्किनर

68. वह प्रक्रम जिसमें जीव उन व्यवहारों को दोहराना सीखता है, जो व्यवहार नकारात्मक परिणामों को 'परिहार करता है' उसे कहते हैं
(a) क्रिया प्रसूत अनुबन्धन (b) प्रतिक्रिया अनुबन्धन
(c) दोहराया गया अनुबन्धन (d) सकारात्मक अधिगम

69. वह प्रक्रिया जिसमें अनुबन्धित उत्तेजना अनुबन्धित प्रतिक्रिया उत्पन्न करने की क्षमता धीरे–धीरे खोने लगती है, जबकि अनानुबन्धित उत्तेजना नहीं दी जाती है यह कहलाती है
(a) विलोपन (b) अनाधिगम / अधिगम का न होना
(c) अवरोधन (d) नकारात्मक अधिगम

Adda247 GET IT ON Google Play

70. In classical conditioning, a stimulus that can evoke an unconditioned response the first time it is presented is called
(a) Conditioned stimulus (b) Unconditioned stimulus
(c) Simple stimulus (d) Multiple stimulus

71. The acquisition of new forms of behaviour, information or concepts through the exposure to others and the consequences they experience is called
(a) Imitation (b) Displacement
(c) Observational learning (d) Motivational learning

72. Which one of the following theorists assumes universality of basic facial expressions of emotions ?
(a) Ekman (b) James-Lange
(c) Cannon-Bard (d) Schacter-Singer

73. Cannon-Bard theory of emotion considers that feelings comes _____ to expression (action).
(a) Independent (b) Later
(c) First (d) Simultaneous

74. Motivation _____ behaviour.
(a) explains and controls (b) describes
(c) predicts and explains (d) controls

75. The main function of motivation is to _____ a behaviour.
(a) initiate (b) sustain
(c) direct (d) All of the above

76. Which of Psychologists has done researches in the area of achievement Motivation ?
(a) Atkinson (b) Maslow
(c) Winter (d) Wiener

77. A tendency to influence others is related to
(a) n-affiliation (b) n-achievement
(c) n-power (d) All of the above

78. Homeostatis shall regulate _____motivation.
(a) power (b) hunger
(c) achievement (d) approval

79. Social motives are
(a) learned in social groups (b) never fully satisfied
(c) so many (d) All of the above

Adda247
GET IT ON Google Play

70. क्लासिकल अनुबन्धन में, एक उत्तेजक जो कि अनानुबन्धित प्रतिक्रिया प्रथम बार ही में प्रदर्शित करता है, कहलाता है
(a) अनुबन्धित उत्तेजना / उत्तेजक
(b) अनानुबन्धित उत्तेजक
(c) साधारण उत्तेजना
(d) बहु उत्तेजना

71. दूसरों के द्वारा प्रदर्शित होने और परिणामों को अनुभव करके, नए व्यवहार, सूचना या सम्प्रत्ययों का सीखना / अर्जित करना कहलाता है
(a) अनुसरण
(b) विस्थापन
(c) निरीक्षणात्मक अधिगम
(d) प्रेरणात्मक अधिगम

72. निम्नलिखित में से कौन से सैद्धान्तिक यह विश्वास करते हैं कि संवेगों में चेहरे के भाव में सार्वभौमिकता होती है ?
(a) इकमैन
(b) जैम्स–लेंजे
(c) कैनन–बार्ड
(d) शैक्टर–सिंगर

73. कैनन–बार्ड संवेग सिद्धान्त के अनुसार अनुभूति, भाव ______ होती है ।
(a) से स्वतंत्र
(b) के बाद में
(c) से पहले
(d) के साथ

74. अभिप्रेरणा व्यवहार का/की/को ______ करती है ।
(a) व्याख्यायित और नियंत्रण
(b) वर्णन
(c) भविष्यवाणी एवं व्याख्या
(d) नियंत्रण

75. अभिप्रेरणा का प्रमुख प्रकार्य व्यवहार का/को ______ है ।
(a) प्रारम्भ करना
(b) सतत रखना
(c) निर्देशन करना
(d) उपरोक्त सभी

76. किस मनोवैज्ञानिक ने उपलब्धि अभिप्रेरणा के क्षेत्र में शोध किए हैं ?
(a) एटकिंसन
(b) मास्लो
(c) विन्टर
(d) वाइनर

77. दूसरों को प्रभावित करने की प्रवृत्ति ______ से सम्बन्धित है ।
(a) सम्बन्धित होने की आवश्यकता
(b) उपलब्धि आवश्यकता
(c) बल/शक्ति आवश्यकता
(d) उपरोक्त सभी

78. समस्थिति ______ अभिप्रेरण का नियमन करती है ।
(a) बल / प्रभुत्ता
(b) भूख
(c) उपलब्धि
(d) अनुमोदन

79. सामाजिक प्रेरक ______ होते हैं ।
(a) सामाजिक समूहों में अधिगमित
(b) कभी सन्तुष्ट न होने वाले
(c) बहुत सारे
(d) उपरोक्त सभी

Adda247 GET IT ON Google Play

80. Which has been a much used technique to study social motives ?
(a) Projective tests (b) Objective tests
(c) Situational tests (d) Qualitative tests

81. ________ is not a major component of emotions.
(a) Subjective-cognitive state (b) Homeostatis
(c) Physiological change (d) Expressive behaviour

82. The tendency of stimulus similar to a conditioned stimulus to evoke conditioned response is known as
(a) Stimulus similarity (b) Stimulus generalization
(c) Response similarity (d) Stimulus dissimilarity

83. The approach which believes that we are different selves in different situations :
(a) Behaviourist (b) Psychoanalyst
(c) Interactionist (d) Humanitarian

84. Draw-a-person test is related to which tests ?
(a) Objective test (b) Biological measures
(c) Q-sort test (d) Projective test

85. What is a cardinal trait of personality ?
(a) A cluster (b) That accounts for uniqueness
(c) Single, all important (d) Relatively weak with little effect

86. Which one of the following is not an objective-self-report measure ?
(a) Sentence completion test (b) MMPI
(c) CPI (d) 16 PF questionnaire by Cattell

87. Which of the following is not a dimension in Eysenck personality questionnaire ?
(a) Openness (b) Neuroticism
(c) Extraversion (d) Psychoticism

88. What is the time range of short term memory, in which learned material is retained ?
(a) 1 to 2 seconds (b) 5 to 10 seconds
(c) 15 to 20 seconds (d) 30 to 40 seconds

89. The factor theory of memory was proposed by
(a) Underwood and Postman (b) Greenberg
(c) Melton & Irwin (d) Mair

Adda247 GET IT ON Google Play

80. सामाजिक अभिप्रेरकों के अध्ययन में अधिक उपयोग में आने वाली तकनीक कौन सी है ?
(a) प्रक्षेपी परीक्षण
(b) वस्तुपरक परीक्षण
(c) परिस्थिति परीक्षण
(d) गुणपरक परीक्षण

81. ______ संवेग का प्रमुख घटक नहीं है।
(a) आत्मगत ज्ञानात्मक अवस्था
(b) समस्थिति
(c) दैहिक परिवर्तन
(d) भावपूर्ण व्यवहार

82. वह प्रवृत्ति जिसमें उत्तेजना, जो कि अनुबन्धित उत्तेजना के समान हो और अनुबन्धित प्रतिक्रिया उत्पन्न करती है, कहलाती है
(a) उत्तेजना-समानता
(b) उत्तेजना-सामान्यीकरण
(c) अनुक्रिया समानता
(d) उत्तेजना असमानता

83. वह कौन सा उपागम है जो यह मानता है कि हमारा आत्म भिन्न परिस्थितियों में भिन्न होता है ?
(a) व्यवहारवादी (b) मनोविश्लेषणात्मक (c) अन्तर्क्रियात्मक (d) मानवतावादी

84. 'व्यक्ति-चित्रण' परीक्षण किस प्रकार के परीक्षण से सम्बन्धित है ?
(a) वस्तुनिष्ठ परीक्षण (b) जैविक माप (c) क्यू-सोर्ट-परीक्षण (d) प्रक्षेपी परीक्षण

85. व्यक्तित्व का मूलभूत शीलगुण क्या होता है ?
(a) एक गुच्छा / समूह
(b) जो अनोखा / अनन्यता को बनाता है।
(c) एकल, सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण
(d) सापेक्षतया कम प्रभाव वाला

86. निम्नलिखित में से कौन सा वस्तुगत-आत्म-रिपोर्ट माप नहीं है ?
(a) वाक्य-पूर्ति परीक्षण
(b) एम.एम.पी.आई.
(c) सी.पी.आई.
(d) कैटल की 16 पी.एफ. प्रश्नावली

87. निम्नलिखित में से कौन सा आयाम आइजैन्क की व्यक्तित्व प्रश्नावली का भाग नहीं है ?
(a) खुलापन (b) न्यूरोटिसिजम (c) बहिर्मुखता (d) साइकोटिसिजम

88. लघुकालीन स्मृति का समय विस्तार क्या है, जिसमें सीखी हुई सामग्री धारण की गई हो ?
(a) 1 से 2 सेकण्ड (b) 5 से 10 सेकण्ड (c) 15 से 20 सेकण्ड (d) 30 से 40 सेकण्ड

89. स्मृति के दो कारक (द्विकारक) सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?
(a) अन्डरवुड तथा पोस्टमैन
(b) ग्रीनबर्ग
(c) मेल्टन और इरविन
(d) मायर

Adda247 GET IT ON Google Play

90. Which measure of memory is mostly influenced by guessing or anticipation ?
(a) Recall
(b) Relearning
(c) Recognition
(d) Re-construction

91. Which was the method of memory Ebbinghaus used ?
(a) Free recall
(b) Savings
(c) Serial recall
(d) Recognition

92. How many non-sense syllables were constructed by Ebbinghaus ?
(a) 2000
(b) 2100
(c) 2200
(d) 2300

93. In a memory experiment an experimenter conducted experiment on himself. Who was the experimenter ?
(a) Ebbinghaus
(b) Bartlet
(c) Thorndike
(d) Tolman

94. The role of an intervening variable in learning was suggested by one of the following psychologists :
(a) Hull (b) Tolman (c) Kohler (d) Kofka

95. When we forget unpleasant event, it is called
(a) Motivated forgetting
(b) Proactive interference
(c) Retroactive inference
(d) Inhibition

96. What is the span/size of immediate memory according to Miller ?
(a) $9 \pm 2$ (b) $6 \pm 2$ (c) $7 \pm 3$ (d) $7 \pm 2$

97. The theory of Multiple intelligence is given by
(a) Gardner
(b) Thurstone
(c) Sternberg
(d) Guilford

98. The concept of 'Intelligence Quotient' (IQ) was coined by
(a) Binet
(b) Terman
(c) Spearman
(d) Stern

99. The first version of Stanford-Binet test contained _____ items.
(a) 20 (b) 30 (c) 100 (d) 60

100. Cattell identified two major clusters of mental abilities :
(a) General & specific
(b) Componential and experiential
(c) Fluid and crystalized
(d) Verbal and non-verbal

Adda247
GET IT ON Google Play

90. स्मृति मापन में कौन सा मापन अनुमान से अधिकतर प्रभावित होता है ?
(a) प्रत्याह्वान (b) पुन:अधिगम (c) प्रत्यभिज्ञान (d) पुन:निर्माण

91. एबिंगहॉस ने स्मृति की किस विधि का प्रयोग किया है ?
(a) स्वतंत्र प्रत्याह्वान (b) बचत (c) क्रमिक प्रत्याह्वान (d) प्रत्यभिज्ञान

92. एबिंगहॉस ने कितने निरर्थक शब्दों को बनाया ?
(a) 2000 (b) 2100 (c) 2200 (d) 2300

93. एक स्मृति के प्रयोग में प्रयोगकर्त्ता ने स्वयं अपने पर प्रयोग किया, वह प्रयोगकर्त्ता कौन था ?
(a) एबिंगहॉस (b) बार्टलेट (c) थॉर्नडाइक (d) टोलमैन

94. अधिगम में मध्यवर्ती चर की भूमिका के बारे में निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक ने सुझाव दिया ?
(a) हल (b) टोलमैन (c) कोहलर (d) कोफ़्का

95. जब हम अप्रिय घटना को भूल जाते हैं, तो उसे कहा जाता है
(a) अभिप्रेरक विस्मरण (b) अग्रलक्षी अवरोध
(c) पूर्वलक्षी अवरोध (d) अवरोध

96. मिलर के अनुसार तात्कालिक स्मृति का विस्तार /आकार क्या होता है ?
(a) $9 \pm 2$ (b) $6 \pm 2$ (c) $7 \pm 3$ (d) $7 \pm 2$

97. बहुल बुद्धि का सिद्धान्त _____ ने प्रतिपादित किया है ।
(a) गार्डनर (b) थर्स्टन (c) स्टर्नबर्ग (d) गिलफोर्ड

98. बुद्धि लब्धि (IQ) का सम्प्रत्यय किसके द्वारा दिया गया है ?
(a) बिने (b) टरमन (c) स्पीयरमैन (d) स्टर्न

99. स्टेनफॉर्ड–बिने परीक्षण के प्रथम संस्करण में _____ आइटम थे ।
(a) 20 (b) 30 (c) 100 (d) 60

100. कैटल ने मानसिक योग्यताओं के दो समूह बताये हैं :
(a) सामान्य और विशेष (b) घटकीय और अनुभवजन्य
(c) द्रव्य और स्फटिक (d) शाब्दिक और अशाब्दिक

Adda247

GET IT ON Google Play

## Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह